इंदौर | रविवार । 24 अगस्त 2025 । वर्ष 65 । अंक 200 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत


राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


5 मतदाता सूचियों की जांच का विरोध और चुनाव आयोग पर हमले के मायने



6 मनोभावों की सहज प्रस्तुति-देहरी पर सजे ख्वाब


7 विश्व धर्मों में ज्योतिष और ब्रह्मांड विज्ञान : एक साझा दृष्टि


8 बुची बाबू ट्रॉफी में बारिश ने बंगाल की रोकी बढ़त

# पहली बार 12 सौ करोड़ का फ्लाई ओवर

**4706** करोड़ की 10 सड़क परियोजनाओं का जबलपुर में लोकार्पण और शिलान्यास | **15000** करोड़ की नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की घोषणा भी की | **500** करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा टायगर कॉरिडोर

**जबलपुर. केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को जबलपुर में 4,706 करोड़ रुपये की 10 बड़ी सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरा सपना हिंदुस्तान को शक्तिशाली, विश्व गुरु और आत्मनिर्भर बनाना है. उन्होंने मंच से स्पष्ट कहा कि झूठी घोषणाएं करना मेरे स्वभाव में नहीं है.**

गडकरी ने कहा कि आज का भारत ऊर्जा आयात करने वाला नहीं बल्कि ऊर्जा निर्यात करने वाला देश बनेगा. उन्होंने किसानों को केवल अन्नदाता नहीं बल्कि ऊर्जादाता बताते हुए हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की बात कही. मंत्री ने कहा कि देश में पहली बार 1,200 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर बनाने की घोषणा की गई और उसे पूरा कर दिखाया गया है.




गडकरी ने कहा कि जबलपुर फ्लाईओवर बनने से शहर में ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी, समय और ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में कमी आएगी. वहीं, जबलपुर रिंग रोड बनने से भारी वाहनों का दबाव कम होगा और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी. रीवा और कटनी बायपास चौड़ीकरण से वाराणसी से नागपुर तक पूरे खंड पर 4-लेन कनेक्टिविटी मिलेगी.

समारोह में गडकरी ने सीआरआईएफ के अंतर्गत 1,500 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं की घोषणा की. साथ ही 500 करोड़ रुपये की लागत से टायगर कॉरिडोर बनाने की बात कही, जिससे जबलपुर से टायगर रिजर्व तक 4-लेन सड़क बनेगी और कान्हा-बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यानों तक पहुंच आसान होगी. इससे पर्यटन को सीधा लाभ मिलेगा. मंच से गडकरी ने मध्यप्रदेश के लिए 15,000 करोड़ रुपये की नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की घोषणा भी की. इसमें 5,500 करोड़ की लागत वाला टायगर कॉरिडोर, 10,000 करोड़ की लागत से लखनादौन-रायपुर हाईस्पीड कॉरिडोर, 12,000 करोड़ की लागत से इंदौर-भोपाल मार्ग और 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की अन्य सड़क परियोजनाएं शामिल हैं. इसके अलावा भोपाल-जबलपुर के बीच 15,000 करोड़ रुपये की लागत से नया 255 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे भी बनाया जाएगा.

### लोकार्पित व शिलान्यासित परियोजनाएं

लोकार्पित परियोजनाओं में मदन महल-दमोह नाका फ्लाईओवर, कटनी बायपास का चौड़ीकरण, अब्दुल्लागंज-इटारसी खंड और हिरन-सिंदूर खंड में वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र का चौड़ीकरण शामिल है. वहीं, शिलान्यासित परियोजनाओं में जबलपुर रिंग रोड का निर्माण, रीवा बायपास चौड़ीकरण, मंडला-नैनपुर खंड का विकास, रीवा-कटनी मार्ग पर अंडरपास व फ्लाईओवर निर्माण जैसे कार्य प्रमुख हैं. गडकरी ने कहा कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से ही प्रदेश का विकास संभव है. इन परियोजनाओं से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश बढ़ेगा और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे.

## संसद भवन के पास फिर पकड़ा गया संदिग्ध, सुरक्षा अलर्ट

**नई दिल्ली, 23 अगस्त.** संसद भवन के पास दो दिन में दूसरी संदिग्ध गतिविधि ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है. शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने रायसीना रोड पर रेल भवन और संसद भवन के बीच 20 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया. युवक के पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली, लेकिन उसके फोन में आधार और पासपोर्ट की कॉपी पाई गई. शुरुआती पूछताछ के बाद उसे कर्तव्य पथ थाने को सौंप दिया गया. यह घटना ठीक एक दिन पहले संसद की दीवार फांदने की कोशिश करने वाले युवक के पकड़े जाने के बाद सामने आई है. अधिकारियों के मुताबिक संदिग्ध बेंगलुरु से दिल्ली आया था और दुबई जाने वाला था. संसद की सुरक्षा में सेंध के पिछले मामलों के मद्देनजर सीआईएसएफ ने अब सक्रिय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की है, जिसके तहत किसी भी संदिग्ध को तुरंत हिरासत में लिया जाएगा. दिसंबर 2023 की सुरक्षा चूक के बाद से संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को सौंपी गई है.

## एक नजर में



### भारत-फ्रांस बनाएंगे स्टील्थ फाइटर जेट इंजन

**नयी दिल्ली.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाने के फैसले के बीच भारत ने फ्रांस के साथ मिलकर पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमान के इंजन बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है. इस कदम से भारत-फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी, वहीं अमेरिका को करारा झटका लग सकता है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना को हरी झंडी दे दी है. जानकारी के मुताबिक फ्रांस की साफरान कंपनी भारत को इस प्रोजेक्ट में 100 फीसदी तकनीक ट्रांसफर करेगी. दोनों देश मिलकर भारत में 120 किलोन्यूटन थ्रस्ट वाले इंजन विकसित करेंगे.

### पुतिन-ज़ेलेंस्की बैठक की कोई योजना नहीं

**नयी दिल्ली.** रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता की संभावनाओं के बीच रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है. लावरोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन शिखर वार्ता के एजेंडे के तय होने के बाद मिलने को तैयार हैं, लेकिन वर्तमान में ऐसा कोई एजेंडा तैयार नहीं हुआ है. लावरोव ने यह भी बताया कि रूस ने अलास्का में हाल ही में पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक के दौरान उठाए गए कई मुद्दों पर लचीलापन दिखाने पर सहमति जताई है.

### यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदेगा एसएमबीसी

**नई दिल्ली.** जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यस बैंक में 24.99 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है. यस बैंक ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी. हालांकि, आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि इस सौदे के बाद एसएमबीसी को बैंक का प्रवर्तक नहीं माना जाएगा, क्योंकि इसके लिए अतिरिक्त नियामकीय मानदंड पूरे करने होंगे. मई में एसएमबीसी ने लगभग 1.6 अरब डॉलर में यस बैंक की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने का समझौता किया था. इसके साथ ही यह सौदा भारत के वित्तीय क्षेत्र में सबसे बड़ा सीमा पार विलय और अधिग्रहण सौदा माना जा रहा है. इसके बाद एसएमबीसी ने अतिरिक्त 4.9 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की भी अनुमति मांगी थी, जिस पर अब आरबीआई ने सहमति दे दी है.

### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने 7 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मास्को.** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने शनिवार की सुबह रोस्तोव और वोल्गोग्राड क्षेत्रों के साथ-साथ क्रास्नोडार क्षेत्र में सात यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए. नुकसान की कोई जानकारी नहीं है. मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि रात मध्यरात्रि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने सात यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया. ये मानवरहित विमान चार रोस्तोव क्षेत्र के ऊपर, दो वोल्गोग्राड क्षेत्र के ऊपर और एक क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर उड़ रहे थे.

## काले धन का कुबेर इंजीनियर

### 52 लाख नकद और 20 लाख के नोट जलाए

**पटना, 23 अगस्त. भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार राय के पटना स्थित चार मंजिला आवास पर छापा मारा. कार्रवाई में 52 लाख रुपये नकद, 20 लाख से ज्यादा जले हुए नोट, करोड़ों रुपये के जमीन के दस्तावेज़, लाखों के सोने-चाँदी के आभूषण और कई आपत्तिजनक दस्तावेज़ बरामद किए गए.**

अधिकारियों ने बताया कि नकदी को शौचालय, पानी की टंकी और रसोईघर के अपशिष्ट निकास पाइप में छिपाकर रखा गया था. जांच टीम को जले हुए नोट भी मिले, जिन्हें कथित तौर पर सबूत मिटाने के लिए नष्ट किया गया था. साक्ष्य सुरक्षित करने के लिए मौके पर फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम भी बुलाई गई.



सूत्रों के अनुसार, राय वर्तमान में सीतामढ़ी में तैनात हैं और मधुबनी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं.

## ऑटो और हाइवा की टक्कर में आठ की मौत


**पटना, 23 अगस्त.** बिहार में पटना जिले के दनियावां प्रखंड अंतर्गत शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक ही गांव के आठ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में ट्रक और ऑटो रिक्शा में हुई टक्कर में आठ लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है. पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने हादसे को अत्यंत दुखद बताया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता दी जा रही है.

## 40 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले

### एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त. देश के हर दस में से चार मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वर्तमान 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 (40 प्रतिशत) ने अपने शपथ पत्र में आपराधिक मामले घोषित किए हैं.**

रिपोर्ट के अनुसार, 10 मुख्यमंत्रियों (33 प्रतिशत) पर हत्या के प्रयास, अपहरण, रिश्वतखोरी और आपराधिक धमकी जैसे गंभीर अपराधों के आरोप हैं.


रेवंत रेड्डी


एम.के. स्टालिन

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर 1 मामला है. संविधान संशोधन बिल का संदर्भ में यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब केंद्र सरकार ने संसद में विधेयक पेश किया है. प्रस्ताव के अनुसार, यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री कम से कम पांच साल की सजा वाले आरोप में 30 दिन से ज्यादा हिरासत में रहते हैं तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा. विपक्ष ने इसे गैर भाजपा शासित राज्यों को अस्थिर करने की कोशिश बताया है. कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर पद से हटाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक कदम है.

### किस पर कितने मामले

- तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी : 89 मामले
- तमिलनाडु के एम. के. स्टालिन : 47 मामले
- आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू : 19 मामले
- कर्नाटक के सिद्धारमैया : 13 मामले
- झारखंड के हेमंत सोरेन : 5 मामले
- महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस : 4 मामले
- हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुखू : 4 मामले
- केरल के पिनाराई विजयन : 2 मामले

## 100 से अधिक उपग्रहों का होगा प्रक्षेपण

### इसरो का बड़ा ऐलान

प्रति वर्ष सात से आठ लॉन्च किए जाएंगे

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आने वाले 15 वर्षों के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना का खुलासा किया है. अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि 2040 तक देश की संचार, नेविगेशन और पृथ्वी अवलोकन की जरूरतों को पूरा करने के लिए 100 से अधिक उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा.**



देसाई ने कहा कि यह संख्या बड़ी जरूर लगती है, लेकिन प्रति वर्ष सात से आठ लॉन्च किए जाएंगे, जिसे अन्य मिशनों जैसे चंद्रयान या गगनयान के साथ भी आसानी से पूरा किया जा सकता है. फिलहाल इसरो औसतन पांच से छह लॉन्च करता है.

> इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से स्वदेशीकरण की आवश्यकता है. उन्होंने उदाहरण दिया कि संचार उपग्रहों और नेविगेशन प्रणाली (नाविक) के कुछ अहम हिस्से अभी भी आयात करने पड़ते हैं. इसरो ने अब एटॉमिक क्लॉक जैसी तकनीक के स्वदेशीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं. रोडमैप में चंद्रयान-4 और 5 जैसे नमूना वापसी मिशन, जापान के साथ संयुक्त चंद्रयान-5, और 2040 तक मानवयुक्त चंद्रमा मिशन भी शामिल हैं.

## पीलीभीत में एसयूवी की टक्कर से पांच मरे

**पीलीभीत, 23 अगस्त.** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से टेंपो सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये. पुलिस ने बताया कि जहानाबाद से सवारियों से भरा एक टेंपो अमरिया की तरफ जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बिसेन गांव के पास टेंपो में टक्कर मार दी. दुर्घटना के साथ टेंपो पलटकर खाई में जा गिरा. पुलिस के अनुसार दुर्घटना के दौरान एक महिला व दो बच्चों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई.

## अनिल अंबानी के दो ठिकानों पर छापे

**नयी दिल्ली, 23 अगस्त. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2929.05 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में व्यवसायी अनिल अंबानी के मुंबई स्थित दो ठिकानों पर शनिवार को तलाशी ली.**

सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था. यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी.



सीबीआई ने शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष अदालत से तलाशी वारंट हासिल किया था.

सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी ने 21 अगस्त को भारतीय स्टेट बैंक, मुंबई से प्राप्त एक शिकायत के आधार पर मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम), मुंबई और इसके निदेशक अनिल डी. अंबानी समेत अज्ञात लोक सेवकों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ बैंक के साथ धोखाधड़ी करने तथा 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी.

प्राथमिकी में कहा गया है कि अनिल अंबानी और अन्य ने कथित तौर पर मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के पक्ष में एसबीआई से स्वीकृत ऋण सुविधाएँ प्राप्त की और बाद में कथित तौर पर ऋणों का दुरुपयोग किया गया.

**अंतरिक्ष दिवस** | इस वर्ष देश ने डॉकिंग तकनीक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया

# भारत भी बनाएगा अपना स्पेस स्टेशन : मोदी

**नई दिल्ली, 23 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वैज्ञानिकों से आकाशगंगा से भी आगे अंतरिक्ष की खोज करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत अब केवल चांद और मंगल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मानवता के भविष्य से जुड़े नए रहस्यों की तलाश करेगा.**

भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो संदेश से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दो साल पहले भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना था. इस वर्ष देश ने डॉकिंग तकनीक हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया. उन्होंने कहा कि सरकार अंतरिक्ष यात्रियों का एक पूल तैयार कर रही है, जिससे युवाओं को अंतरिक्ष में जाने का अवसर मिलेगा.



प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा क्षितिज आकाशगंगाओं से भी आगे है. वैज्ञानिकों और युवाओं के सहयोग से भारत अंतरिक्ष के नए इतिहास रचेगा.

कार्यक्रम में अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, इसरो प्रमुख वी. नारायणन तथा गगनयान मिशन के लिए चुने गए चारों वायुसेना अधिकारी शुभांशु शुक्ला, प्रशांत नायर, अजित कृष्णन और अंगद प्रताप उपस्थित रहे. इस वर्ष की थीम रही आर्यभट्ट से गगनयान तक.

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन और इलेक्ट्रिक प्रणोदन जैसी नयी तकनीकों में तेजी से आगे बढ़ रहा है. निकट भविष्य में गगनयान उड़ान भरेगा और भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा. उन्होंने बताया कि उपग्रह आधारित आकलन से फसल बीमा योजना, मछुआरों को जानकारी, आपदा प्रबंधन और जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष तकनीक से आम लोगों का जीवन आसान हुआ है.

> शनिवार को पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला का जिक्र करते हुए एक वीडियो सन्देश जारी करते हुए कहा कि अभी तीन दिन पहले ही मेरी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात हुई. उन्होंने इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर तिरंगा फहराकर हर भारतीय को गर्व से भर दिया. जब वो तिरंगा मुझे दिखा रहे थे, उस पल को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता.

## कांग्रेस विधायक वीरेंद्र गिरफ्तार

### 12 करोड़ नकद, छह करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण मिले

**बेंगलुरु, 23 अगस्त. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को चित्रदुर्ग के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को बड़े पैमाने पर ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार किया.**

छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत करीब एक करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा सहित लगभग 12 करोड़ रुपये नकद, छह करोड़ रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, दस किलोग्राम चांदी के सामान और चार वाहन जब्त किए हैं. इसके साथ ही 17 बैंक खाते और दो लॉकर फ्रीज कर दिए गए तथा वीरेंद्र के रिश्तेदारों से कई संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए गए. यह भी पता चला कि वीरेंद्र और उसके सहयोगी एक ज़मीनी कैसीनो पट्टे पर लेने के लिए बागडोगरा होते हुए गंगटोक गए थे.

